सार-समाचार

गणगौर की शाही सवारी निकलेगी

झुंझुनूं, (निसं)। श्री गोपाल गौशाला के तत्वावधान में 31 मार्च सोमवार को गणगौर की शाही सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। गणगौर की सवारी अपराह्न 3.30 बजे श्री गोपाल गौशाला से प्रारंभ होकर झुंझुनूं एकेडमी, लावरेश्वर एवं श्याम मंदिर, चूणा चौक, राणी सती रोड होते हुए शाम 5.30 बजे छावनी बाजार पहुंचेगी। जहां अतिथियों द्वारा अनिल शुक्ला के आचार्यत्व में वेद मंत्रों के साथ गणगौर माता की पूजा अर्चना संपन्न होगी। गणगौर की शाही सवारी रथ पर निकाली जाएगी। जो कि छावनी बाजार से जोशियों का गट्टा, गुदडी बाजार एवं कपडा बाजार होते हुए श्री शंकरदास जी महाराज के आश्रम समस तालाब जाकर पूजा अर्चना के पश्चात वापसी में कपड़ा बाजार, ढंढों का दरवाजा, खेतानों का मोहल्ला होते हुए वापस श्री गोपाल गौशाला पहुंचेगी। जानकारी देते हुए श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक नारायणप्रसाद जालान के संयोजन में इस अवसर पर दिल्ली की टिन्नी रेखा एंड पार्टी द्वारा सजीव झांकिया एवं नृत्य नाटिका का मंचन मार्ग में जगह-जगह किया जाएगा। कार्यक्रम में उंट, घोड़ों का लवाजमा गाजे बाजे के साथ होगा। छावनी बाजार में विश्राम व्यवस्था एवं ठंडे पेय की व्यवस्था श्री गल्ला व्यापार संघ द्वारा की जाएगी।

नवविवाहिता व कन्याओं ने बंदौरा निकाले

रतनगढ़ (निसं)। जनपद में विवाहिता व किशोरियों द्वारा गणगौर का पर्व आस्था व भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। क्षेत्र में गणगौर गीतों का गायन प्रातः गणगौर पूजन से शुरू होता है जो दोपहर पानी पिलाने, सायं बनोरा व रात्रि में लोकगीतों के साथ चलता रहता है। उपस्थित महिलाओं व नवयोवनाओं ने लोकगीत गाकर गौर माता की पूजा अर्चना करके सुख समृद्धि की कामना की। ललीता देवी ने बताया कि गणगौर पर्व महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य प्राप्ति का पर्व है तथा विवाह योग्य किशोरिया मनपसंद भावी जीवनसाथी को पाने के लिए गणगौर पूजन करती है। सन्हेलता यादव की ओर से सभी का आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर पारंपरिक परिवेश में महिलाओं युवतियों ने गणगौर के लोक गीतों का आनंद लिया गीतों की प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर किया। इस अवसर पर गीता देवी, देवकी शर्मा, सुमन पिपलवा, कविता शर्मा, कुसुम पीपलवा, कौमल किशोरी, खुशबू यादव, निकिता शर्मा, अंकिता शर्मा, उषा यादव व पूजा आदि मातृशक्ति व कन्याएं उपस्थित थी।

कोलसिया में बंदरों का आतंक

कोलसिया, (निसं)। गांव में इन दिनों बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदरों ने बुधवार रात को अपने घर में सो रही एक महिला पर हमला बोलते हुए उसे काट लिया। इससे महिला को गांव के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाना पड़ा। जहां पर उसका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार कोलसिया निवासी कौशल्या जांगिड़ अपने घर के हॉल में सो रही थी। इस दौरान रात करीब साढे 11 बजे बंदरों ने महिला पर अचानक हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से महिला घबरा गई। महिला को बंदरों ने बुरी तरह से काट लिया। महिला के हो हल्ला मचाने पर आस-पड़ौस के लोग उसके घर पहुंचे। लोगों ने कौशल्या को गांव के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां पर उसका उपचार किया गया। धर्मेन्द्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि पिछले कई दिनों से ग्रामीण इन बन्दरों से परेशान है। बंदरों ने अब तक कई लोगों को काट लिया। इसको लेकर वन विभाग को भी अवगत करवाया गया। लेकिन अभी तक बंदरों को नहीं पकड़ा गया है। बंदर आए दिन लोगों पर हमला कर रहे हैं। वन विभाग की कार्यशैली से आमजन में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

बार रूम में वॉटर कूलर लगाया

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं कोर्ट में रेवेन्यू के नामी वकील रहे स्वर्गीय कुंदन सिंह की याद को चिरस्थायी बनाने के लिए उनकी पत्नी संतोष देवी ने एक वॉटर कूलर बार एसोसिएशन को भेंट किया है। गुरूवार को बार रूम के समीप ही इस वॉटर कूलर का जिला सेशन न्यायाधीश दीपा गुर्जर समेत अन्य जजों ने फीता काटकर लोकार्पण किया। वहीं स्व. कुंदन सिंह के परिवार का आभार जताया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाषचंद्र पूनियां ने बताया कि लंबे समय से एक वाटर कूलर की डिमांड थी। जिसे स्व. कुंदन सिंह के परिवार ने पूरा किया। उन्होंने बताया कि स्व. कुंदन सिंह रेवेन्यू के जाने-माने वकील थे। जिनकी याद को चिरस्थायी बनाने के लिए परिवार ने यह वाटर कूलर भेंट किया। अब गर्मियों में ना केवल वकीलों, बल्कि पक्षकारों को भी फिल्टर ठंडा पानी मिल सकेगा। बार एसोसिएशन ने स्व. कुंदन सिंह के भाई निजी बस यूनियन के अध्यक्ष भोपाल सिंह व स्व. कुंदन सिंह की पत्नी संतोष देवी का आभार जताया है।

गणगौर मेला 31 को

चूरू (निसं)। गणगौर चौक मेला कमेटी के तत्वावधान में 31 मार्च 2025 सोमवार को गणगौर मेले व तारा छाई रात कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट पवन कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां परवान पर चल रही है। इस दौरान कुआं मरम्मत व रंग रोगन व साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर उनको व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया है। गणगौर चौक विकास समिति के संयोजक विजय सारस्वत ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम तारा छाई रात लगातार 42 वर्षों से किया जा रहा है। जिसमें लोक कलाकारों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन व राजलदेसर के कलाकारों द्वारा ढ्फ, बांसुरी, ढ्लोक, राजस्थानी गानों पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सारस्वत ने बताया कि घूमर नृत्य सहित अनेक आयोजन रात्रि 8 बजे से शुरू हो जाएंगे। गणगौर चौक सब्जी मंडी में मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

जिला कांग्रेस की बैठक आज

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकायों की सीमा वृद्धि/ वार्डों का परिसीमन/पुनर्गठन तथा पंचायती राज संस्थाओं मे पुनर्सीमांकन जन भावना के विपरीत व राजनीतिक दुर्भावना से नियम विरुद्ध किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष इन्द्राज खीचड़ ने बताया कि इसके विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय पर स्थित देहात व शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय जिले के कांग्रेस नेताओं की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में शहरी निकायों व पंचायत के पुनर्गठन/ सीमांकन पर चर्चा कर नियम विरुद्ध किए जा रहे पुनर्सिमांकन के विरोध में जिला कलेक्टर चूरू को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

सरकारी कार्यालय का निरीक्षण किया

बीदासर (निसं)। उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव ने गुरुवार को सरकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम यादव ने नगर पालिका कार्यालय, जलदाय विभाग कार्यालय, जोधपुर विद्युत वितरण निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग व आयुष विभाग का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम यादव ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान नगर पालिका कार्यालय में पांच कार्मिक जिसमें पूनम चंद नाई राजस्व निरीक्षक, नरेश, लक्ष्मण सिंह कनिष्ठ सहायक, सौरभ भाटिया फायर मैन व राजेंद्र चौकीदार और जलदाय विभाग कार्यालय में राजेश लोहिया अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित मिले सभी कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

ललित बसावा तहसील अध्यक्ष मनोनीत

खिरोड़, (निसं)। बसावा निवासी ललित बसावा को जय किसान आंदोलन राजस्थान आंदोलन का तहसील युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति जय किसान आंदोलन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश यादव ने की है। ललित बसावा जल्द ही अपनी कार्यकारणी का गठन करेंगे। ललित बसावा की यह नियुक्ति संगठन के प्रति की जा रही सकारात्मक विचारों को देखते हुए एवं किसानों के हित में अपनी बात रखने व किसानों के हित में कार्य करने पर की गई है।

परिंडे बांधे, पानी डालने का संकल्प लिया

झुंझुनूं, (निसं)। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र झुंझुनूं में पक्षियों के लिए पेडों पर परिंडे लगाए गए। गुरुवार को महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र (एएनएमटीसी) झुंझुनूं में गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए पेडों पर परिंडे लगवाने का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था प्रभारी सुरेंद्र डिग्रवाल, अनिता नर्सिंग ट्यूटर, वंदना बेनीवाल नर्सिंग ट्यूटर, बिना तेतरवाल नर्सिंग ट्यूटर, निधि टेलर नर्सिंग ऑफिसर, रवि सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं समस्त एएनएम प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने शहर का दौरा किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा गुरूवार को करीब तीन घंटे तक शहर के दौरे पर रहे। उन्होंने इस दौरान शहर की व्यवस्थाओं के अलावा सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों का निरीक्षण किया।

इस औचक निरीक्षण को लेकर ना तो जिला कलेक्टर मीणा ने किसी संस्थान में जाने के लिए सोचा और ना ही अपने ड्राइवर और पीए को बताया। बस कलेक्टर गाडी में ड्राइवर और पीए के साथ निकले। जिस सडक पर गए और जहां पर सरकारी कार्यालय व गैर सरकारी संस्थान दिखा। वहीं पर गाड़ी रूकवाई और निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों की व्यवस्था देखना था। उन्होंने बताया कि उन्होंने अजमेर डिस्कॉम और पीएचईडी कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पीएचईडी कार्यालय में बने पंप हाउस को भी देखा और कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना के जरिए होने वाली पानी सप्लाई की जानकारी ली। उन्होंने नगर परिषद में भी हर सेक्शन में जाकर व्यवस्थाएं देखी। इसके अलावा उन्होंने दो निजी स्कूलों में बच्चों से रूबरू होते हुए शिक्षा का अधिकार और नई शिक्षा नीति को लेकर जानकारी प्राप्त की।

दो निजी अस्पतालों का भी निरीक्षण कर वहां पर आयुष्मान आरोग्य योजना के अलावा फायर सेफ्टी और पार्किंग को देखा।

उन्होंने अस्पताल संचालकों से पार्किंग को लेकर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में वे गए है। वहां पर मिली व्यवस्थाओं और कमियों को लेकर एक नोट बनाकर भिजवाया जाएगा। जिससे व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार हो सके।

शहर की व्यवस्थाओं के अलावा सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया।

मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित

सादुलपुर (निसं)। आशा देवी महाविद्यालय, सादुलपुर में गुरूवार को जीवन परिवर्तन प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। शाम चार बजे दी जानकारी में सेमिनार का आयोजन संस्था चेयरमेन रामप्रताप पूनियां की अध्यक्षता में किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि भारतीय सेना 19 आर्म्ड के कर्नल अनिल पूनियां थे। सेमिनार का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. कौशल पूनियां ने कर्नल अनिल पूनियां को माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया एवं कर्नल अनिल पूनियां की प्राथमिक व उच्च शिक्षा के बारे में बताते हुए भारतीय सेना में उनके दायित्व व कर्तव्य निष्ठा के बारे में अवगत करवाया। मुख्य अतिथि भारतीय सेना 19 आर्मड कर्नल अनिल पूनियां ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया।

फर्जी पट्टा निरस्त करने की मांग को लेकर सहारण ने उच्च अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा

तारानगर (निसं)। नगरपालिका से 1 नवंबर 2021 को जारी पट्टे को नगरपालिका अधिनियम की धारा 73बी के तहत निरस्त कर कार्यवाही करने की मांग को लेकर तारानगर के एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने उपखंड क्षेत्र के उच्च अधिकारियों को मांगपत्र सौंपा है।

एडवोकेट सहारण ने मांग पत्र में लिखा है कि तारानगर नगरपालिका के पार्षद राकेश पुत्र बुधाराम जांगिड ने अपनी पत्नी पार्षद सुनिता देवी के नाम खुद ने फर्जी हस्ताक्षर करके राजस्थान सरकार को राजस्व नुकसान पहुंचाने हेतु षड़यंत्र पूर्वक, धोखाधडी उद्देश्य से लोक सेवक होते हुये भी नगरपालिका अधिनियमों व पद की गरीमा के खिलाफ अपने पद का दुरूपयोग कर

■ भाजपा के बड़े नेता ने मिलीभगत कर बनवाया फर्जी पट्टा

नगरपालिका तारानगर से फ्री होल्ड पट्टा फर्जी व कूटरचित सहमति पत्र, सुनिता के नाम से कुर्सीनामा जारी कर वार्ड नं. 03 में स्थित अपने पुराने घर की मतदाता सूची व पानी-बिजली के बिल लगाते हुये व पटवारी से फाल्स रिपोर्ट तैयार करवाकर झूठे व मिथ्या शपथ पत्र देकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कांग्रेसी नेताओं से मिलीभगत से जारी करवाया है।

उक्त जगह पर राकेश जांगिड ने बिना नगरपालिका की भवन निर्माण स्वीकृति के एक शीशमहल भी करोडों रूपये की काली कमाई से बना रखा है और उक्त पार्षद पूर्व में वर्ष 2018 में भाजपा प्रत्याशी भी रह चुका है जो वर्तमान में पार्षद है जो एक जनप्रतिनिधि होने के बावजूद भी अभियान का सबसे पहला पट्टा बनाकर स्वयं के लाभ हेतु व राजकोष को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से राजकोष राशि का गबन जनप्रतिनिधि के पद पर रहते हुये 1 नवंबर 2021 को उप पंजीयक कार्यालय तारानगर में पंजीयन भी करवा लिया, जिस पर सुनिता के सही हस्ताक्षर है।

एडवोकेट सहारण ने प्रत्येक दस्तावेज की गहनता से रिकार्ड प्राप्त कर जांच करते हुये नगरपालिका अधिनियम की धारा 73बी के तहत निरस्त कर कार्यवाही करने की मांग की है।

56 किलो अवैध डोडा-पोस्त सहित दो जने गिरफ्तार

पुलिस ने डोडा-पोस्त सहित दो आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर पुलिस ने महानिदेशक पुलिस जयपुर के द्वारा नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन, अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक चुरू के निर्देशन में राजलदेसर थानाप्रभारी कमलेश कुमार के निर्देशन एवं सुभाषचन्द्र के नेतृत्व में एनएच 11 राजलदेसर से डूंगरगढ सीमा बोर्डर पर गस्त चैकिंग के दौरान आरोपी 28 वर्षीय बजरंगलाल पुत्र निराणाराम जाट

■ आरोपियों के कब्जे से बाइक भी जब्त की

व 21 वर्षिय विष्णु पुत्र पूर्णाराम जाट निवासी कितासर भाटियान के मौके से अवैध रूप से डोडा पोस्त साबुत सहित गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियों के कब्जे से 55.83 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त साबुत मय मोटरसाईकिल भी जप्त की गयी।

आरोपियों के द्वारा पिछले काफी समय से चोरी छिपे आस पास के गांवों में अवैध डोडा पोस्त बैचकर युवा पिढी को नशे की लत में धकेल रहा थे जिस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार छापर थानाधिकारी गीतारानी को सौंपा गया है।

आरोपियों से गहनता से इस सम्बंध में पूछताछ की जा रही है कि माल कहां से लाया गया था इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र व सुरेश की विशेष भूमिका रही है।

राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत

पाटन (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के जिला मुख्यालय सीकर के तत्वाधान में मनसा माता आश्रम न्योराणा में राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। यह शिविर 27 से 31 मार्च 2025 तक स्थानीय संघ मुख्यालय पाटन द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो राज्य सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के तहत है। शिविर में जिले भर के तृतीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट और गाइड हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें यहां स्काउट की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।इस शिविर के संचालन का कार्य जिला प्रधान स्काउट बाबूलाल गुर्जर द्वारा किया जा रहा है, और उनके साथ प्रशिक्षण दल में पूर्व सचिव शिशपाल सैनी, धनंजय जांगिड़, सीताराम गुर्जर, हजारी लाल देहरान, संघ संयुक्त सचिव श्रीमती शारदा देवी, सरिता यादव और अन्य प्रशिक्षक शामिल हैं।साथ ही, 28 मार्च 2025 को स्थानीय संघ मुख्यालय पर "सिंगल यूज प्लास्टिक निषेध" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रैली, नारा लेखन, निबंध, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ होंगी। इसमें स्थानीय संघ पाटन के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड सक्रिय रूप से भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण शिविर और कार्यक्रम स्काउट व गाइड के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय सेवा के प्रति जागरूक करता है।

सार-समाचार

भजन संध्या का आयोजन

रतनगढ़ (निसं)। प्राचीन श्याम मंदिर के 59वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन मंगलवार की रात भजन संध्या के साथ हुआ। कथा वाचक कृष्णानंद महाराज के सान्निध्य में भजन संध्या का शुभारंभ पिंटू शर्मा की गणेश वंदना से हुआ। इस दौरान शर्मा एवं गायक कलाकार विक्रम प्रजापत ने 'आसरो बालाजी म्हाने थारो, ग्यारस की है रात'' जैसे भजनों की प्रस्तुतियां दी। देर रात तक चली भजन संध्या में भजन गायक प्रवेश शर्मा द्वारा प्रस्तुत भजनों 'सुन सांवरे तेरे ही भरोसे मेरी नाव रे, परिवार मेरा तेरे हवाले, सांवरे की महफिल को, इक बार तो कन्हैया हम जैसों से मिलो' जैसे भजनों ने श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व श्याम पारीक, सुशील चौधरी, कैलाश जांगिड़ द्वारा बाबा का श्रृंगार किया गया तथा पवन सेवदा दंपति ने ज्योत प्रज्ज्वलित की। इस दौरान पुष्प व इंत्र वर्षा भी की गई। मंदिर पुजारी प्रदीप धर्ड व आशुतोष धर्ड ने आंगतुकों का स्वागत किया। इस मौके पर अतिथियों व गायक कलाकारों का कंठहार पहनाकर सम्मान किया गया। भजन संध्या में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, अर्जुनसिंह फ्रांसा, भागीरथसिंह राठौड़, पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, विकास रिणवां, गिरधारीलाल बाजोरिया, सुरेश मुरारका, विवेक गौड़, जयप्रकाश सींवाल, सुरेंद्र इंदौरिया, मनोज जोशी, एडवोकेट नरेश सराफ, संजय बूबना, अंजनी चोटिया, शशिकुमार गौड़, धनराज इंदौरिया, राहुल व्यास, जसकरण चौधरी, वासुदेव चाकलान, अनूप जोशी, संजय मुरारका, सांवरमल सोनी, श्याम सुंदर धर्ड, मनोज इंदौरिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। संचालन कुलदीप व्यास ने किया।

नानी बाई के मायरे का शुभारंभ

चूरू (निसं)। प्रतिभा नगर स्थित वार्ड नंबर 56 के प्राचीन हनुमान मंदिर में गुरुवार को नानी बाई के मायरे का शुभारंभ हुआ। मायरा वाचक वंदना शर्मा ने नानी बाई के मायरे का वाचन किया। मंदिर के पुजारी गोपाल पीपलवा ने बताया कि मायरे के प्रथम दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा नरसी को केदारा राग देकर भक्ति की राह दिखाई। उन्होंने बताया कि नरसी मेहता की भगवान के प्रति गहरी भक्ति इस कथा का मुख्य बिंदु है। उन्होंने कहा कि हमेशा भगवान पर भरोसा करना चाहिए और कठिनाईयों का सामना करने के लिए दृढ संकल्पित रहना चाहिए। इस अवसर पर मायरा वाचक वंदना शर्मा ने भजनों के माध्यम से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य पृथ्वीराज नवहाल, कमल पीपलवा, कैलाश चन्द्र नवहाल, नीरज पीपलवा, रोहित पीपलवा आदि उपस्थित थे। मंदिर के पुजारी गोपाल पीपलवा ने बताया कि कथा का समय 2 से शाम 5 बजे तक रहेगा। गुरुवार शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन गोपाल पीपलवा व उनके सहयोगियों द्वारा किया जाएगा। 28 मार्च शाम 7:15 बजे रामायण और 29 मार्च रात्रि 9 बजे द्रुप नृत्य का आयोजन किया जाएगा। 30 मार्च रात्रि 9 बजे भजन कीर्तन व रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मेहुल शर्मा, आशीष डीडवानिया व राकेश दाधीच द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

कलश यात्रा निकाली

चूरू (निसं)। सोती भवन में 28 मार्च से 3 अप्रैल तक होने वाले दुर्लभ सत्संग को लेकर गुरुवार को गढ़ स्थित गोपाल जी मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकली गई, जो गढ़ चौराहा, सफेद घंटाघर, सब्जी मंडी, भाईजी चौक, झारिया मोरी सहित मुख्य मार्गों से सोती भवन पहुंचीं। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान महिलायें सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई कदम से कदम मिलाकर चल रही थी। गौरतलब है कि ऋषिकेश के स्वामी विजयानंद गिरी महाराज अपने मुखारविंद से सत्संग की प्रस्तुति देंगे। कलश यात्रा को विधायक हरलाल सहारण ने जयकारे के साथ बाबा की झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनेक धर्म प्रेमी लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम संयोजक डूंगरमल जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में 28 मार्च से 3 अप्रैल तक दोपहर 2 से 3 बजे तक भजन कीर्तन व 3 बजे से 5 तक प्रवचन का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर अनेक धर्म प्रेमी लोग व्यापारी व विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुडे लोग उपस्थित थे।

मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

बीदासर (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को पोषण अभियान के तहत राजकीय बांठिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल छात्राओं के बीच पोषण जागरूकता अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें सीडीपीओ गौरव चौधरी, महिला पर्यवेक्षक उषा टेलर, विद्यालय संस्था प्रधान प्राचार्य डॉ. कमलेश शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीना कुमारी, अनिला शर्मा, कुलविंदर कौर, सुनीता साहू, आंगनवाड़ी सहायिका जमना दर्जी एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। सीडीपीओ गौरव चौधरी द्वारा राष्ट्रीय पोषण अभियान एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। सुपरवाइजर उषा टेलर द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मेंहदी प्रतियोगिता का संचालन किया गया। संस्था प्रधान प्राचार्य डॉ. कमलेश शर्मा द्वारा बालिका पोषण और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

पोस्टर का विमोचन

सीकर (निसं)। रामनवमी के उपलक्ष में गुरूवार को द राइज ऑफ हनुमान सोंग के पोस्टर का विमोचन प्रेस क्लब में किया गया।पोस्टर का विमोचन प्रेस क्लब अध्यक्ष हुलास तिवाड़ी, वरिष्ठ संरक्षक तेजप्रकाश सैनी, संरक्षक रमेश शर्मा, मंत्री कार्तिकेय शर्मा, अन्नपूर्णा आश्रम सेवा समिति से कृष्णा शर्मा, रेडियो राजस्थान के एमडी कुलदीप शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने किया। आरजे कविश ने बताया कि रामनवमी पर यह गाना स्पेशल रूप से रेडियो राजस्थान की टीम ने तैयार किया है। जो सीकर ही नही बल्कि प्रदेश के कई जिलों में रामनवमी पर डीजे पर बजेगा। गाने को द राइज ऑफ हनुमान नाम दिया गया है। अध्यक्ष हुलास तिवाड़ी ने बताया कि यह हनुमानजी का डीजे गाना सीकर में रामनवमी पर बजेगा। शहर के लोगों ने भी इसे पसंद किया है। वरिष्ठ संरक्षक तेजप्रकाश सैनी ने कहा कि भगवान राम का यह पर्व रामनवमी के रूप में बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। हनुमानजी का यह सोंग काफी चर्चा में है।

सांसद राहुल कस्वां ने केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री से मुलाकात की

चूरू (निसं)। सांसद राहुल कस्वां ने बुधवार को केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न शैक्षिक विषयों पर चर्चा की।

सांसद राहुल कस्वां ने बताया कि चूरू संसदीय क्षेत्र के विद्यालयों में 1700 से अधिक कमरों की नितांत आवश्यकता है। स्कूलों के लिये बनाये गये यू-डायस पोर्टल पर इतनी संख्या में कमरों की डिमांड आई हुई है। हमने संसदीय क्षेत्र के सभी स्कूलों में बिजली पहुंचाने के साथ-साथ हर उच्च माध्यमिक स्कूल तक हाई स्पीड इन्टरनेट पहुंचाने का कार्य पूर्ण कर लिया है।

लेकिन अभी स्कूलों में कमरों के निर्माण की बहुत बडी डिमांड है। इस इन्फ्रास्ट्रक्चर के अभाव में विद्यालयों में शैक्षिक व्यवस्था बडे पैमाने पर प्रभावित हो रही है। अतः केन्द्र सरकार यू-डायस पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार चूरू संसदीय क्षेत्र सहित सम्पूर्ण राजस्थान में समसा व पीएबी स्कीम के तहत विद्यालयों में कमरों

■ बोले सुजानगढ़ में केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए और चूरू संसदीय क्षेत्र के स्कूलों में 1700 से अधिक कमरों की डिमांड को पूरा किया जाए

का निर्माण प्राथमिकता से करवाए; ताकि बच्चों की शैक्षिक व्यवस्था प्रभावित न हो और सबको अच्छी शिक्षा व्यवस्था का लाभ मिले।

साथ ही सांसद ने सुजानगढ़ में केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सुजानगढ़ के विस्तृत क्षेत्र को देखते हुए केन्द्रीय विद्यालय की महत्ती आवश्यकता है। चूरू जिला मुख्यालय से अत्यधिक दूरी पर स्थित होने के साथ-साथ केन्द्रीय विद्यालय स्थापना के अन्य सभी मापदण्ड सुजानगढ़ पूरे करता है।

क्षेत्रवासियों की तरफ से लम्बे समय से यह मांग की जाती रही है। अतः विभाग से प्रस्ताव तैयार करवाकर राज्य सरकार से मार्फत हमने जो प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भिजवाया है उस पर अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुये सुजानगढ़ में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति जारी की जाए।

सांसद राहुल कस्वां ने चूरू संसदीय क्षेत्र के स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम बनाने के लिये भी शिक्षा राज्य मंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि समय की मांग है कि अब सरकारी स्कूलों को भी आधुनिक समय के हिसाब से टेक्नोलॉजी से जोड़ा जाये। दूर सुदुर गांवों के बच्चों को डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलना चाहिए और इस पर सरकार को प्राथमिकता से पहले करते हुए नये कदम उठाने की आवश्यकता है।

शिक्षा हमारी पहली प्राथमिकताः- शिक्षा पर हमारा विशेष फोकस रहा है। संसदीय क्षेत्र के स्कूलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण हेतु हमने सदैव प्रयास किए हैं। सांसद निधि से सभी वंचित स्कूलों तक बिजली व्यवस्था, हाई सैकण्डरी स्कूलों में हाई स्पीड इन्टरनेट व पेयजल व्यवस्था हेतु हमने प्राथमिकता से काम किया है।

विगत वर्षों के दौरान भी हमने 900 से अधिक कमरे सरकार की अलग-अलग योजनाओं के तहत निर्मित करवाए और अब भी हमारा फोकस है कि यू-डायस पोर्टल पर दर्शायी गई डिमांड के अनुसार स्कूलों में कमरे निर्मित हों ताकि शैक्षिक व्यवस्था अच्छी हो सके।

साथ ही सुजानगढ़ केन्द्रीय विद्यालय के सम्बन्ध में हमने लगातार प्रयास किए हैं। विगत वर्ष संसद सत्र के दौरान मा. शिक्षा राज्य मंत्री जी ने कहा था कि हमें राज्य की तरफ से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

अब हमने विभाग से प्रस्ताव बनवाकर राज्य सरकार के मार्फत केन्द्र सरकार को भिजवाया दिया है। आशा है सरकार सुजानगढ़ में केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति जारी जल्द करेगी।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-.....

-: आपत्ति सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री सूर्यप्रकाश सोनी पुत्र श्री जसवंत सोनी जाति सोनी निवासी रावतसर ने आवेदन कर अपने दानपात्र से प्राप्त व्यवसायिक भूखण्ड सेक्टर सब्जी मण्डी भूखंड संख्या 67 साईज 10 गुणा 20 का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पटटा नगरपालिका रावतसर द्वारा दिनांक 22.05.2007 को श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री सीताराम सैनी के नाम से साईज 10 गुणा 20 फुट का जारीशुदा है। पूर्व पालिका आदेश क्रमांक 4901 दिनांक 17.01.2013 को उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती जमना देवी पत्नी श्री नोरंगलाल सोनी के नाम से जारीशुदा है। श्रीमती जमना देवी ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनाक 08.07.2024 को अपने पौत्र श्री सूर्यप्रकाश सोनी पुत्र श्री जसवंत सोनी जाति सोनी निवासी रावतसर को दान कर दिया। अतः अपने दानपत्र से प